प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 24.06.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में आज वाराणसी में हुई मध्य क्षेत्रीय परिषद की 25वीं बैठक : 4 राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ क्षेत्रीय कानून व्यवस्था, सीमा सुरक्षा और आपदा प्रबंधन जैसे मुद्दों पर हुई चर्चा।
2. केन्द्रीय राज्य मंत्री जयन्त चौधरी और केन्द्रीय राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर ने आज सोनभद्र में नव्या व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया शुभारम्भ : किशोरियों को आत्मनिर्भर बनायेगी यह पहल।
3. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज गाजीपुर में विकास परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की : जनपद में नये बाईपास के प्रस्ताव को दी स्वीकृति। और
4. प्रदेश में रूक–रूक कर बारिश का सिलसिला जारी : अगले दो दिनों में अधिकांश जनपदों में दिखेगी बारिश में तीव्रता।

———————

केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने आज वाराणसी में मध्य क्षेत्रीय परिषद की 25वीं बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव

साय शामिल हुए। बैठक में क्षेत्रीय कानून व्यवस्था, सीमा सुरक्षा, आपदा प्रबंधन और पर्यावरण संरक्षण पर चर्चा की गई। बैठक में गृह मंत्री, सभी मुख्यमंत्री एवं सदस्यों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दृढ़ इच्छाशक्ति और भारतीय सशस्त्र सेनाओं के पराक्रम के अभिनंदन का प्रस्ताव प्रस्तुत किया, जिसका परिषद ने ध्वनिमत से अनुमोदन किया। पेश है एक रिपोर्ट———

*मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक में राज्यों के बीच समन्वय, स्वास्थ्य, पर्यटन, परिवहन, और अवसंरचना विकास जैसे विविध विषयों पर गहन चर्चा की गई। साथ ही ग्राम पंचायत स्तर पर नागरिकों को मुख्य सामान्य सेवाओं की ऑनलाइन डिलीवरी का प्रावधान करना, महिलाओं और बच्चों के खिलाफ पोक्सो अधिनियम के तहत यौन अपराध और बलात्कार के मामलों की त्वरित जांच करने के साथ–साथ आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना सहित अन्य बिंदुओं पर चर्चा की गई। बैठक में प्रत्येक राज्य से दो वरिष्ठ मंत्री, राज्य सरकार के मुख्य सचिव और अन्य वरिष्ठ अधिकारी तथा केंद्र सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों सहित 100 से ज्यादा शीर्ष प्रशासनिक अधिकारी शामिल हुए। मनीष कुमार आकाशवाणी समाचार वाराणसी*

बैठक में शामिल हुए मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने मीडिया से बातचीत में राज्यों के आपसी समन्वय पर जोर दिया। *बाइट...*

*सभी प्रकार के राज्यों के समन्वय को ले करके यशस्वी प्रधानमंत्री के नेतृत्व में किस पकार से समय चल रहा है इस समय राज्यों के बीच परस्पर समन्वय रहे विकास के मामले साझा करे और अपने–अपने अंकों के आधार पर भविष्य में माननीय मोदी के नेतृत्व में उन्नति करे।*

——————————

केंद्रीय कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्यमंत्री जयन्त चौधरी और केंद्रीय महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर ने आज सोनभद्र में किशोरियों को आत्मनिर्भर बनाने वाले नव्या व्यकवसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री चौधरी ने कहा कि नव्या कार्यक्रम से आकांक्षी जिले की किशोरियों को लाभ मिलेगा। साथ ही वे स्वावलंबी भी हांगी। उन्होंने कहा कि दोनों विभागों के समन्वय से कार्यक्रम संचालित हो रहा है। बाइट....

होल एंड गर्वमेंट एप्रोच यानी विभागीय समन्वय बनाया। आपस में जो भी योजनाएं है उनका क्रियान्वन करना, दोनों ही मंत्रालय आपस में समन्वय बनाने का काम कर रहे हैं।

इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर ने कहा कि जो किशोरियां विद्यालय छोड़ चुकी है उनको आत्मनिर्भर बनाना इस योजना का मूल है। 19 राज्यों के 27 आकांक्षी जनपदों में इस कार्यक्रम को लागू किया जायेगा।

—————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज गाजीपुर में विकास परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने बताया कि जनपद में अंधऊ चौकिया बाईपास के प्रस्ताव को स्वीकृति दी गई है।

उन्होंने कहा कि जिले में हो रहा आधारभूत ढांचे का विकास गाजीपुर को नई पहचान देगा। बाइट....

*विकास का सिलसिला अनवरत चलता रहेगा। जनपद अच्छी दिशा में आगे बढ़ रहा है। माफिया मुक्त जनपद बना है और विकास की प्रक्रिया के साथ गाजीपुर आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर का लाभ प्राप्त हो रहा है। मुझे पूरा विश्वास है कि आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर जनपद के लोगों को एक नई पहचान दिलायेगी।*

—————————

राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने आज गौतमबुद्ध नगर में भारतीय विश्वविद्यालय संघ द्वारा आयोजित राष्ट्रीय कुलपतियों के सम्मेलन के दूसरे दिन शिरकत की। उन्होंने देश की शिक्षा प्रणाली पर मंथन करने की जरूरत पर बल देते हुए कहा कि हम ऐसा सिस्टम बनाएं, जिससे शिक्षा व्यवस्था में वास्तविक सुधार हो। राज्यपाल ने कहा कि विभिन्न सामाजिक मुद्दों के प्रति स्टडी रिपोर्ट तैयार करनी चाहिए। बाइट....

*ऐसे कई प्रॉबलम है हमारे देश में क्या कहने इस पर कोई स्टडी की है या स्टडी कोर तैयार किया और सरकारों को आपने दिया, दिया तो आपने उस पर कोई काम किया। कुछ परिवर्तन करने के लिये।*

—————————

बक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक

समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

संविधान हत्या दिवस कल मनाया जाएगा। यह दिवस 25 जून 1975 को संविधान को कुचलने की घटनाओं का स्मरण कराता है। इस दिन उन सभी लोगों को श्रद्धांजलि दी जाती है, जिन्होंने आपातकाल के कारण ज्यादतियों का सामना किया था। एक रिपोर्ट......

*आपातकाल के दौरान नागरिक स्वतंत्रता पर अंकुश लगा दिया गया था और इंदिरा गांधी सरकार ने प्रेस पर सख्त सेंसरशिप लगा दी थी। सरकार ने पत्रकारों पर कर, प्रेस बंद करने के नोटिस जारी किये और उन्हें जेल भी भेजा। आपातकाल में सत्ता का विकेंद्रीकरण भी हुआ और जयप्रकाश नारायण, लाल कृष्ण आडवाणी, अटल बिहारी वाजपेई, मोरारजी देसाई, मधु दंडवत सहित विपक्षी नेताओं की गिरफ्तारी भी की गई। इन कार्रवाइयों की व्यापक आलोचना और विरोध हुआ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करते हुए आपातकाल को भारतीय लोकतंत्र पर एक काला धब्बा बताया था। आपातकाल के दौरान कई राजनीतिक आंदोलन और घटनाएं हुई जिनमें गुजरात में नवनिर्माण आंदोलन, बिहार में जयप्रकाश नारायण का आंदोलन और जॉर्ज फर्नांडीज के नेतृत्व में रेलवे हड़ताल शामिल है। आंतरिक सुरक्षा अधिनियिम मीसा का सबसे अधिक दुरूपयोग किया गया आपातकाल का दौर स्वतंत्र भारत का एक काला अध्याय था अनुपम मिश्रा आकाशवाणी समाचार दिल्ली।*

————————

प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने आज लखनऊ में कहा कि भाजपा लगातार देश के संविधान की हत्या

करने वालों के खिलाफ आंदोलन करती रही है। कल 25 जून को पूरे प्रदेश मं कार्यकर्ता संविधान हत्या दिवस मनाएंगे।

बाइट.....

*भारतीय जनता पार्टी लगातार देश की संविधान की हत्या करने वालों के खिलाफ आंदोलन करती रही है और कल 25 जून है पूरे देश में पूरे उत्तर प्रदेश में हमारे कार्यकर्ता उत्तर प्रदेश के लोग संविधान दिवस के रूप में मनायेंगे।*

---

विधानसभा अध्यक्ष सतोश महाना ने आज अयोध्या में श्रीरामलला का दर्शन करने के बाद पत्रकारों से बातचीत में कहा कि समाजवादी पार्टी की तरफ से निष्कासित तीनों विधाय़कों को लेकर कोई प्रतिवेदन नहीं दिया गया है। आवेदन प्राप्त होने के बाद ही नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। बाइट....

*विधानसभा के अध्यक्ष के समक्ष उनकी सदस्यता को लेकर के किसी भी प्रकार का पिटीशन नहीं लगाया, जो माननीय सदस्य किसी राजनीतिक दल से निष्कासित होते है तो संबंद्ध सदस्य के रूप में उनको मान्यता मिलती है। कल उन्होंने निष्कासन किया है। कोई सूचना निष्कासन का मेरे पास नहीं था और जो सदस्य निष्कासित हुए है उनके द्वारा उनको जिस समय आवेदन आयेगा उस समय नियमानुसार उस पर कार्यवाही की जायेगी।*

---

आईपीएल की तर्ज पर उत्तर प्रदेश हैंडबॉल एसोसिएशन दिसंबर में नोएडा में यूपी प्रो. हैंडबॉल लीग का आयोजन करेगा। यह लीग दस दिनों तक चलेगी।

————————

प्रदेश के कई जिलों में रूक–रूक कर बारिश का सिलसिला जारी है। शामली और जौनपुर में आज कुछ जगहों पर तेज बारिश हुई। हालांकि कुछ जगहों पर उमस से भी लोग बेहाल रह। मौसम विभाग ने प्रदेश के अधिकांश इलाकों में अगले एक सप्ताह तक गरज चमक के साथ बरसात का अनुमान जताया है। अगले दो दिनों में प्रदेश में बारिश में तीव्रता दिखने की संभावना है। कुछ जगहों पर भारी बारिश हो सकती है। विभाग की तरफ से किसानों को बारिश से फसलों के बचाव के उपाय सुझाए गए हैं।

(समाप्त)